# नाटो का DIANA कार्यक्रम

[स्रोत: फाइनेंसियल एक्सप्रेस]

हाल ही में **डिफेंस इनोवेशन एक्सेलेरेटर फॉर द नॉर्थ अटलांटिक (DIANA)** पहल बोर्ड ने नागरिक और रक्षा दोनों उद्देश्यों हेतु प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने के मिशन के साथ **फिनलैंड में एक एक्सेलेरेटर एवं दो परीक्षण केंद्र स्थापित** करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

- डायना एक [उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन] द्वारा स्थापित संगठन है, जिसका उद्देश्य संपूर्ण गठबंधन में **दोहरे उपयोग वाली नवाचार क्षमता** में तीव्रता लाना है। यह कंपनियों को महत्त्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों के लिये गहन तकनीक विकसित करने हेतु संसाधन, नेटवर्क और मार्गदर्शन प्रदान करता है।
- सभी **नाटो देश डायना के सदस्य हैं।** डायना निदेशक मंडल शासन के लिये ज़िम्मेदार है और इसमें प्रत्येक सहयोगी देश के प्रतिनिधि शामिल हैं।

**और पढ़ें:** [उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nato-s-diana-program